Subscribe | Past Issues | Translate

View this email in your browser

शिक्षा संस्कार ॐ सहभागिता समरसता

# बांसवाड़ा परियोजना

कार्यालय -भारत माता मन्दिर, राती तलाई, बांसवाड़ा (राज.) 327001
फेक्स : 02962-240018, फोन नं. 02962-240018, मो. नं. 9414101912, 9414102261
Email : bharatmatamandirnyas@gmail.com ◆ Website : www.banswarapariyojana.com

माह- जुलाई 2019 अंक- 011

## विद्यालय प्रवेशोत्सव

बांसवाडा परियोजना द्वारा संचालित सभी 343 विद्यालयों (प्राथमिक,उच्च प्राथमिक,माध्यमिक व उच्च माध्यमिक) में नवीन सत्र प्रवेशोत्सव के साथ प्रारम्भ होता है। विद्यालय द्वारा पूर्व घोषित तिथि के दिन नवीन सत्र में प्रवेश लेने वाले बालक/बालिकाओं का विद्यारम्भ संस्कार (सोलह संस्कारों में नवां संस्कार) विद्यालय द्वारा प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के द्वारा किया जाता है। प्रति वर्ष की भांति इस बर्ष भी 19 जून से 5 जुलाई 2019 तक सभी विद्यालयों में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम सम्पन्न हुये जिसमें विद्यालय समिति के सदस्यों, आचार्यों (टीचर्स),अभिभावकों एवं पूर्व अध्ययनरत छात्र/छात्राओं की उपस्थिति में योग्य आचार्यों द्वारा विधि विधान के साथ हवन यज्ञ, सरस्वती पूजन एवं मांगलिक कार्यक्रमों के साथ नवीन सत्र में प्रवेश लेने बालक/बालिकाओं का विद्यारम्भ संस्कार (सोलह संस्कारों में से नवां संस्कार) किया गया।

पन्द्रह दिन चलने वाले प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में आचार्यों द्वारा अभिभावकों से सम्पर्क कर बालक/बालिकाओं को विद्यालय में भेजने के लिए आग्रह किया जाता है। विद्यालय में पढ़ रहे छात्र / छात्राओं द्वारा समूह में घर घर जाकर अभिभावकों के हाथ में कलावा बांध कर अपने बच्चों को विद्यालय भेजने के लिये बाल सुलभ आग्रह किया जाता है । वातावरण निर्माण के लिये गांव मे शोभायात्रा निकालना, स्थान स्थान पर आम के पत्तों के तोरण द्वार बनाना,चौराहों की सजावट करना, उपयुक्त स्थान पर रंगोली बनाना,सार्वजनिक स्थान पर शिक्षा के महत्व को दर्शाने वाले लघु नाटकों का मंचन करने जैसे कार्यक्रमों का आयोजन विद्यालयों द्वारा किया जाता है ।



**प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में गांव के मंदिर में भजन करते हुए विद्यालय के छात्र**

## वरिष्ठ आचार्य अभ्यास वर्ग

बांसवाडा परियोजना द्वारा संचालित विद्यालय, छात्रावास आदि गतिविधियां योजनापूर्क ईसाई प्रभावित क्षेत्र के गांवों मेव संचालित की जा रही है, शहरी क्षेत्र में कोई विद्यालय,छात्रावास नही है, 308 विद्यालय प्राथमिक स्तर के है,माध्यमिक स्तर के केवल 38 विद्यालय है,जो कि योजनापूर्वक ईसाई प्रभावित क्षेत्र में शक्ति केन्द्र के रूप में विकसित किये गये हैं । इन शक्ति केन्द्रों की सम्भाल वरिष्ठ कार्यकर्ता करते है जिनका मुख्यावास सामान्यतया उसी केन्द्र पर या उसके आसपास होता है, और वह क्षेत्र में दैनन्दिन आने वाली सामाजिक व संगठन से सम्बंधित समस्याओं के समाधान हेतु तत्काल उचित निर्णय करता है। इन सभी माध्यमिक स्तर के विद्यालयों में कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों के अध्यापन कराने वाले अध्यापकों का दो दिवसीय अभ्यास वर्ग आयोजित किया जाता है। प्रति वर्ष की भांति ही इस बर्ष भी 27-28 जुलाई 2019 तीन अलग-अलग स्थानों पर सम्पन्न हुआ, जिनमें कुल 208 आचार्यों / दीदीओं की उपस्थित रही। वर्ग में उपस्थित प्रशिक्षणार्थी इन अध्यापकों/ अध्यापिकाओं को योग्य बिषय विशेषज्ञों द्वारा सम्बंधित बिषयों का प्रशिक्षण दिया गया। बालकों को संस्कारित करने के लिये विद्यालयों में होने बाली 45 मिनट की बिशेष प्रार्थना सभा का अभ्यास कराया गया।प्रशिक्षणार्थी आचार्यों का बौद्धिक स्तर बढे इस हेतु चयनित बिषयों पर बौद्धिक वर्ग हुये। सम सामयिक बिषयों पर आपसी चर्चा हुई।






**वरिष्ठ आचार्य अभ्यास वर्ग**

## वृक्षारोपण पखवाडा

बांसवाडा परियोजना द्वारा संचालित विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र/ छात्राओं ने विद्यालय के अध्यापकों के मार्गदर्शन में अपने विद्यालयों, छात्रावासों, संस्कार केन्द्रों एवं मंदिर परिसर में प्रति बर्ष की भांति ही इस बर्ष भी गुरू पूर्णिमा से हरियाली अमावस्या (16 से 29 जुलाई 2019) तक पौधारोपण किया गया। पौधों की सुरक्षा हेतु बडी कक्षाओं के विद्यार्थियों को वृक्ष मित्र बनाया गया, जो आवंटित पौधे की देखभाल करेंगे।





**विद्यालय परिसर मे पौधारोपण करते छात्र व छात्रायें**

*Copyright © *2019* *BHARAT MATA MANDIR NYAS*, All rights reserved.*

**Our mailing address is:**
*BANSWARAPARIYOJANA@GMAIL.COM*

Want to change how you receive these emails?
You can update your preferences or unsubscribe from this list.

Subscribe | Past Issues | Translate

This email was sent to <<Email Address>>
*why did I get this?* unsubscribe from this list update subscription preferences
Bharat mata mandir · Bharat mata mandir · rati talai · Delhi, 110009 · India

INTUIT mailchimp